राष्ट्रीय शारीरकि साक्षरता मशिन

प्रलिम्सि के लयि:

संविधान का अनुच्छेद 21, जनहति याचकिा।

मेन्स के लयि:

राष्ट्रीय शारीरकि साक्षरता मशिन, खेल, युवा।

चर्चा में क्यों?

हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र और राज्यों से संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत खेलों को स्पष्ट रूप से मौलकि अधकिार बनाने की सफिारशि करने वाली एक रपिोर्ट का जवाब देने को कहा है।

- इसके अलावा न्यायालय के न्याय मति्र (Court's Amicus Curiae) द्वारा प्रस्तुत रपिोर्ट में सुझाव दयिा गया है कि **"संकीर्ण"** शब्दावली **'खेल'** को **'शारीरकि साक्षरता'** से बदल दयिा जाए, यह ऐसा शब्द है जो "वशि्व के अग्रणी खेल राष्ट्रों में दृढ़ता से एक अधकिार के रूप में स्थापति है।

सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का आधार:

- खेल को मौलकि अधकिार बनाने एवं खेल शकि्षा को बढ़ावा देने हेतु इसे राज्य के नीति निदेशक सद्धिांतों में शामलि करने के लयि संविधान में संशोधन करने हेतु जनहति याचकिा (PIL) दायर की गई थी।
- इसमें मांग की गई थी कि केंद्र और राज्यों के बीच सहकारी कार्य को सुवधािजनक बनाने के लए खेलों को समवर्ती सूची में स्थानांतरति कयिा जाना चाहयि (वर्तमान में खेल एक राज्य का वषिय है)।

रपिोर्ट में दयि गए सुझाव:

- **रस्पिांसबिलिटिी मैट्रकि्स:** केंद्र सरकार द्वारा 'राष्ट्रीय 'शारीरकि साक्षरता मशिन' शुरू कयिा जाना चाहयि।
  - मशिन को ज़मि्मेदारयिों के मैट्रकि्स को लागू करना चाहयि जसिमें पाठ्यक्रम डज़िाइन, अनुपालन नगिरानी और समीक्षा, शकियत नविारण व आत्म-सुधार तंत्र शामलि हों। जो बच्चों को स्कूल स्तर पर वभिनि्न खेलों में प्रशकि्षति करने हेतु आवश्यक हैं।
- **खेल के लयि समर्पति समय:** सीबीएसई, आईसीएसई, राज्य बोर्ड, आईजीसीएसई सहति सभी स्कूल बोर्डों को यह सुनशि्चति करने के लयि नरि्देशति कयिा जाना चाहयि कि 2022-2023 से शुरू होने वाले शैक्षणकि वर्ष से प्रत्येक स्कूल दविस में कम-से-कम 90 मनिट खेलने के लयि समर्पति हों।
- **मुफ्त में खेल सुवधिाएँ:** राज्य सरकारों को यह सुनशि्चति करना चाहयि कि वर्तमान शैक्षणकि वर्ष से सभी शकि्षण संस्थान अपने गैर-कार्य वाले घंटों में पड़ोस के बच्चों को अपने खेल के मैदानों और खेल सुवधिाओं का मुफ्त में उपयोग करने की अनुमति दें।
- **'भौतकि साक्षरता नीति' का मसौदा:** शैक्षणकि संस्थानों को **'भौतकि साक्षरता नीति'** का मसौदा तैयार करने के लयि 80 दनिों का समय दयिा जाना चाहयि।
  - इस नीति में 'कोई भी बच्चा पीछे न छूटे' दृष्टकिोण के लयि संस्थान की प्रतबिद्धता शामलि होगी।
  - यह सुनशि्चति करना चाहयि कि संस्थान की शारीरकि साक्षरता गतविधियिों को इस तरह से डज़िाइन और वतिरति कयिा जाए जो छात्रों के लयि समावेशी हो।
- **आंतरकि समति:** वशिष्टि मामलों को संबोधति करने के लयि एक आंतरकि समति बनाने की आवश्यकता है, जो छात्रों को शारीरकि साक्षरता का अधकिार देने के उत्तरदायत्वि की वफिलता संबंधी मामलों की जाँच करे।
- **डैशबोर्ड:** देश भर के शैक्षणकि संस्थानों में उपलब्ध खेल मैदानों और खुले स्थानों की मैपगि व उनके उपयोग की दर, शारीरकि शकि्षा शकि्षकों की उपलब्धता तथा योग्यता, पाठ्यक्रम, समय सारणी एवं उपकरणों पर रयिल टाइम डेटा के साथ एक डैशबोर्ड बनाने की आवश्यकता है।

शारीरिक शिक्षा, शारीरिक गतिविधि और खेल का अंतर्राष्ट्रीय चार्टर:

- शारीरिक शिक्षा, शारीरिक गतिविधि और खेल का अंतर्राष्ट्रीय घोषणा-पत्र एक अधिकार आधारित दस्तावेज़ है जो खेल संबंधी नीति और निर्णयन कार्य, मार्गदर्शन और समर्थन करता है।
- यह बिना किसी भेदभाव के सभी के लिये खेल तक समावेशी पहुँच को बढ़ावा देता है। यह खेल कार्यक्रमों और नीतियों को बनाने, लागू करने तथा मूल्यांकन करने वाले सभी कार्यकर्त्ताओं के लिये नैतिक व गुणवत्ता मानकों को निर्धारित करता है।
- इसे यूनेस्को के आम सम्मेलन (1978) के 20वें सत्र में इसे अपनाया गया।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और खेल:

- **राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020** में खेलों को गौरवपूर्ण स्थान प्रदान किया गया है।
- खेल, जिसे पहले पाठ्येतर गतिविधि माना जाता था, अब पाठ्यक्रम का हिस्सा माना जा रहा है और खेल में ग्रेडिंग को बच्चों की शिक्षा में भी शामिल किया जाएगा।
- उच्च शिक्षण संस्थान और खेल विश्वविद्यालय भी स्थापित किये जा रहे हैं। खेल विज्ञान एवं खेल प्रबंधन को स्कूल स्तर तक ले जाने की आवश्यकता है क्योंकि इससे युवाओं के करियर की संभावनाओं में सुधार होगा तथा खेल अर्थव्यवस्था में भारत की उपस्थिति बढ़ेगी।

खेल को बढ़ावा देने के लिये योजनाएँ:

- खेलो इंडिया योजना
- राष्ट्रीय खेल संघों को सहायता
- अंतर्राष्ट्रीय खेल आयोजनों में विजिताओं और उनके प्रशिक्षकों को विशेष पुरस्कार
- राष्ट्रीय खेल पुरस्कार, मेधावी खिलाड़ियों को पेंशन
- पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय खेल कल्याण कोष
- राष्ट्रीय खेल विकास कोष
- भारतीय खेल प्राधिकरण के माध्यम से खेल प्रशिक्षण केंद्रों का संचालन।

स्रोत: द हिंदू

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/national-physical-literacy-mission